## न्यूज विंडो

### नींबू तोड़ रहे मजदूर पर तेंदुए ने किया हमला, घायल

**पिपरिया.** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मटकुली क्षेत्र के ग्राम मेंहदीखेड़ा में गुरुवार को बगीचे में नींबू तोड़ रहे मजदूर पर तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुए के पंजे से मजदूर के पैर में चोट आई। घटना के बाद वन विभाग की टीम घायल मजदूर को दोपहर में पिपरिया अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार नंदकिशोर पिता भैया लाल कहार निवासी मटकुली, मेंहदीखेड़ा स्थित जायसवाल फार्म हाउस में करीब 8-10 अन्य मजदूरों के साथ नींबू तोड़ रहे थे। इसी दौरान मजदूरों की नजर झाड़ियों में छिपे तेंदुए पर पड़ी। मजदूरों ने शोर मचाया तो तेंदुआ वहां से भागने लगा। इसी दौरान नंदकिशोर उसके रास्ते में आ गए और तेंदुए ने उनके पैर पर पंजा मार दिया। जिससे वह घायल हो गया।

### होम्योपैथी डॉक्टर कर रहा था एलोपैथी से इलाज, क्लीनिक सील



**देवास.** कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीपलरावां में संचालित धाकड़ क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर क्लीनिक को सील कर दिया है। डॉ. राजकुमार धाकड़ क्लीनिक में पंजीकृत होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के अतिरिक्त एलोपैथी से इलाज कर रहे थे। सीएमएचओ कार्यालय में डॉ. राजकुमार धाकड़ का पंजीयन होम्योपैथी पद्धति में दर्ज है, अन्य चिकित्सा पद्धति से इलाज करना गंभीर लापरवाही। इसके चलते क्लीनिक को सील कर दिया है।

### नवविवाहिता की हत्या, एक माह पहले किया था प्रेम विवाह

**इंदौर.** राऊ थाना क्षेत्र के न्यू नेहरू नगर में 22 वर्षीय नवविवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की गर्दन और पेट पर धारदार हथियार से वार कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को घर में ही बनी पानी की टंकी में फेंक दिया। पुलिस को आशंका है कि यह वारदात गुरुवार दोपहर की है। फिलहाल 'ऑनर किलिंग' समेत अन्य सभी संभावित कोणों से जांच की जा रही है। एसीपी निधि सक्सेन के अनुसार मृतका की पहचान वंदना पटेल के रूप में हुई है। चंदन नगर के राज नगर निवासी वंदना ने एक महीने पहले ही रूपेंद्र पटेल के साथ प्रेम विवाह किया था। कपड़े बेचने का काम करने वाला रूपेंद्र जब शाम को घर लौटा तब इस वारदात का खुलासा हुआ। घर में खून के निशान देखने और पत्नी को गायब पाने पर पानी की टंकी में देखा, जहां वंदना का शव पड़ा था। पुलिस मृत्यु के सटीक समय और कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फिलहाल मृतका के पति रूपेंद्र और उसकी भाभी से पूछताछ कर रही है।

### बुजुर्ग महिला से 2.96 लाख रुपए की ठगी

**इंदौर @ पत्रिका.** ऑनलाइन खरीदारी के दौरान ऑर्डर कैंसिल होना सामान्य बात है, लेकिन समाधान के लिए गूगल पर मिला कस्टमर केयर नंबर आपको मुसीबत में डाल सकता है। कनाड़िया थाना क्षेत्र में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला इसी तरीके से साइबर ठगी का शिकार हो गईं। ठग ने खुद को अमेजन कर्मचारी बताकर पहले क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली और फिर वाट्सऐप वीडियो कॉल करके क्रेडिट कार्ड से 2.96 लाख से अधिक निकाल लिए। महिला ने 1930 पर शिकायत करने के साथ ई-जीरो के माध्यम से एफआइआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नेशनल प्रतियोगिता खेलने गया नितेश समुद्र में लापता

**सारंगपुर/शाजापुर.** नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता खेलने पुरी गया सारंगपुर क्षेत्र के किठोर गांव तहसील गुलाना जिला शाजापुर का 16 वर्षीय खिलाड़ी नितेश चावड़ा मंगलवार दोपहर गोल्डन बीच पर नहाते समय तेज लहरों की चपेट में आने के बाद समुद्र में लापता हो गया। घटना 2.45 बजे की बताई गई है। साथ गए खिलाड़ियों ने नितेश को पानी में डूबते देखा और तत्काल लाइफ गार्ड को सूचना दी। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने समुद्र में तलाश शुरू की, लेकिन देर तक नितेश का कोई सुराग नहीं मिला। घटना की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में चिंता का माहौल है।

---

**तीन-चार साल पुराने 1437 नंबरों से अंजाम दी गईं 1907 साइबर ठगी**

# 46 जिलों में फर्जी सिम का 'डार्क ट्रैप'

**टेलीकॉम कंपनियों ने खड़े किए हाथ, एनसीआरपी पोर्टल की रडार पर आए संदिग्ध नंबर, बरसों पुरानी कॉल डिटेल देने से कर दिया इनकार**

**फेरीवालों और छतरी वालों का खेल, मप्र में 504 सिम वेंडर चिन्हित, भोले-भाले लोगों के अंगूठे और आधार लेकर चुपचाप बेच दीं दूसरी फर्जी सिम**

पत्रिका रक्षा कवच — अपराधों के विरुद्ध पत्रिका अभियान




पुनीत श्रीवास्तव
patrika.com

**ग्वालियर.** देशभर में बढ़ते साइबर फ्रॉड और उसके पीछे सक्रिय फर्जी सिम के नेटवर्क पर अब शिकंजा कसना शुरू हो गया है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) ने मध्यप्रदेश के 46 जिलों में ऐसे 1437 संदिग्ध सिम नंबरों की पहचान की है, जिनका इस्तेमाल कुल 1907 साइबर फ्रॉड की वारदातों में किया गया है। इन नंबरों को बाजार में खपाने वाले 504 सिम वेंडर्स (विक्रेताओं) को भी चिह्नित किया है। हालांकि, इन वेंडर्स तक पहुंचना और पुराने मामलों की तह तक जाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है, क्योंकि ये सभी संदिग्ध सिम तीन से चार साल पुरानी हैं।

#### टेलीकॉम कंपनियों के पास डेटा नहीं

साइबर पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, एनसीआरपी पोर्टल पर रडार में आए ये नंबर 3 से 4 साल पहले जारी किए गए थे। साइबर ठगों ने इन सिम का इस्तेमाल एक या दो वारदातों में ओटीपी हासिल करने के लिए किया और फिर इन्हें फेंक दिया या बंद कर दिया। इस बीच टेलीकॉम कंपनियों ने वे नंबर रिसाइकिल कर दूसरे नए ग्राहकों को जारी कर दिए हैं। अब जब पुलिस उन पुराने मामलों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड मांग रही है, तो टेलीकॉम कंपनियों ने पुराना डेटा न होने का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर दिए हैं।

#### छतरी लगाकर सिम बेचने वाले गायब

जांच में यह भी सामने आया है कि चिन्हित किए 504 वेंडर्स में कई ऐसे फेरीवाले और छोटे दुकानदार शामिल हैं, जो सड़कों के किनारे छतरी लगाकर सिम बेचते थे। अब वे गायब हो चुके हैं। जिन लोगों के नाम पर ये सिम इश्यू की गई थीं, उन्हें तो यह तक नहीं पता कि उनके दस्तावेजों का गलत उपयोग हुआ। पीड़ितों का कहना है कि सिम पोर्ट कराने या नई सिम लेने के नाम पर उन वेंडर्स ने उनके आधार कार्ड, फोटो और अंगूठे के निशान तो ले लिए, लेकिन नाम से कई और फर्जी सिम एक्टिवेट कर ठगों को बेच दी गईं।

#### जांच की जा रही है

साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल हो रही फर्जी सिम के नेटवर्क को तोड़ने के लिए वेंडर-वार जांच की जा रही है। टेलीकॉम कंपनियों से 3-4 साल पुरानी सीडीआर मिलने में अड़चनें आ रही हैं। सीएएफ (सीएएफ) फॉर्म के आधार पर वेंडर्स को चिह्नित कर कार्रवाई कर रहे हैं।

**–संजीव नयन शर्मा,**
डीएसपी, स्टेट साइबर सेल, ग्वालियर

### इंस्टाग्राम पर हुआ प्यार, 22 लाख लेकर प्रेमी संग भागी महिला

**देवास @ पत्रिका.** हाटपीपल्या. क्षेत्र की एक शादीशुदा महिला के लापता होने के मामले में पुलिस ने आरोपी के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महिला की इंस्टाग्राम के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई थी, जो प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि महिला अपने परिवार द्वारा जमीन बेचने से प्राप्त 22 लाख रुपए की राशि लेकर प्रेमी के साथ भाग गई थी। पुलिस के अनुसार घटना 24 अगस्त की रात थाना हाटपीपल्या क्षेत्र के एक गांव की है। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने देर रात भोपाल बायपास, देवास से आरोपी के सहयोगी साहबुद्दीन पिता रोचक बख्स खान निवासी ग्राम खेखड़ा जिला सिंगरौली व शाकिब पिता साबिर कुरैशी, निवासी ग्राम सुपेला जिला सिंगरौली, हाल निवासी भोपाल को गिरफ्तार किया।




### बरगी बांध के 13 गेट खुले

महाकोशल क्षेत्र में लगातार झमाझम बारिश से बरगी बांध फिर लबालब हो गया। गुरुवार को बांध के 13 गेट खोलकर 3802 क्यूमेक पानी की निकासी की गई। इसके बाद नर्मदा के गौरीघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट समेत अन्य तटों पर जलस्तर करीब आठ फीट तक बढ़ गया। गौरीघाट और तिलवाराघाट के मंदिर भी पानी में डूब गए हैं। बांध प्रबंधन ने नर्मदा तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों को निचले इलाकों में नहीं जाने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिन प्रदेश में बारिश का दौर जारी रह सकता है। शुक्रवार को राजगढ़, नर्मदापुरम, गुना, शिवपुरी, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में अतिभारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, बैतूल, उज्जैन, देवास, आगर, मंदसौर, अशोकनगर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, श्योपुर, रीवा, सतना, छिंदवाड़ा और पन्ना में भारी बारिश का येलो अलर्ट है।

### पेट्रोलिंग कर रही पुलिस पर फायरिंग, गाड़ी के टायर, शीशे में लगी गोलियां

**गुना @ पत्रिका.** धरनावदा के कनेरा चक गांव में पेट्रोलिंग कर रही झागर चौकी पुलिस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग होते हुए पुलिस टीम को मौके से भागकर जान बचानी पड़ी। इसके बाद गांव के ही एक अन्य पारदी परिवार पर भी बदमाशों ने पुलिस मुखबिरी के शक में फायरिंग कर दी। इसमें मां- बेटे, बहन व भाई सहित चार गंभीर घायल हुए हैं। पुलिस मामले में देर शाम को केस दर्ज करने की कार्रवाई की गई है।झागर चौकी प्रभारी एसआइ अनिल कदम एक अन्य आरक्षक के साथ चौकी के वाहन से पेट्रोलिंग करते हुए कनेरा चक से बीलाखेड़ी की तरफ जा रहे थे तभी कनेरा चक गांव में एक मकान की छत पर बैठकर शराब पी रहे बदमाशों को लगा कि पुलिस उन्हें पकड़ने आ रही है। इसी संदेह में उन्होंने छत से ही पुलिस वाहन और फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिस जीप के टायर, शीशे व छत में एक गोली लगने की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस की बदनामी की वजह से धरनावदा थाना प्रभारी रोहिल शर्मा घटना में सिर्फ पारदियों में आपस में गोलियां चलने की बात कह रहे हैं।




---

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**
सीओ एसएएम, कटनी : प्रथम मंजिल, आस्था प्लाज़ा, झर्रा तिकुरिया, कटनी – 483501 (म.प्र.) ईमेल – coktnsamd@pnb.bank.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई–नीलामी दिनांक एवं समय –24.09.2026 सुबह11:00 बजे से 05:00 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:00 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा )। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 23.09.2026**

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) बिड वृद्धि राशि द)ई नीलामी दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| **1. शाखा: सतना लालता चौक (म.प्र.)** **1. मैसर्स शिवानी टेंट हाउस एवं मैरिज गार्डन, प्रो. श्री रामलोचन कोरी (उधारकर्ता)**, पताः ग्राम एवं पोस्ट- रायगांव, तह-रघुराजनगर, जिला-सतना (म.प्र.)-485441 **2. श्री रामलोचन कोरी पिता श्री राम प्रताप बुनकर (प्रोप.)**, पताः ग्राम एवं पोस्ट- रायगांव, तह-रघुराजनगर, जिला-सतना (म.प्र.)-485441, **3. श्री सुभाष चन्द्र बुनकर पिता श्री राम प्रताप कोरी (जमानतदार एवं बंधककर्ता)**, पताः ग्राम एवं पोस्ट- रायगांव, तह-रघुराजनगर, जिला-सतना (म.प्र.)-485441 | मौजा - रायगांव में स्थित संपत्ति, पटवारी हल्का नंबर 85, आरएनएम - रायगांव, तह – रघुराजनगर, जिला- सतना (म.प्र.), खसरा नंबर 397/4, क्षेत्रफल - 436 वर्ग फीट, **चतुर्सीमा : पूर्वः** रामकरन कोरी की भूमि, **पश्चिमः** सड़क, **उत्तरः** छकौड़ी की भूमि, **दक्षिणः** भगवानदीन की भूमि, **मालिक एवं बंधककर्ता** – श्री सुभाष चंद्र बुनकर पिता श्री राम प्रताप कोरी | अ) 02.01.2021 ब) 18.11.2021 स) सांकेतिक द) रू. 38,61,132.02 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 9,74,000.00 ब) 97,400.00 स) 25,000.00 द) 24.09.2026 |

**संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है**

**सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना**

**नियम एवं शर्ते : (1)** विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। **(2)** संपत्तियों की बिक्री **''जो है, "जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार** पर होगी। **(3)** ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **(4)** विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। **(5)** संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें ।

**स्थानः कटनी, दिनांक 03.09.2026** — **पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी**

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

**-:: अधिसूचना ::-**

पत्र क्रं. 302/प्रवा./भू-अर्जन/2026 — मऊगंज, दिनांक 23/07/2026

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन वस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी शासकीय भूमि पर स्थित संपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता हैः-

।। अनुसूची ।।

**भूमि का विवरण :-**
जिला - मऊगंज
तहसील - नईगढ़ी
ग्राम - इटहा कला - 54
क्षेत्रफल - 0.009 हे.

| क्रं. | भूमिस्वामी का नाम | खसरा क्रं. | अर्जित रकबा (हे. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | राजेश बेवा रामसखा हि. 1/10, गुलवसुआ बेवा रामसखा हि. 1/10, मुनिराज बेवा रामसखा 1/10, छठीलाल बेवा रामसखा हि. 1/10, अच्छेलाल पिता जोखुलाल 1/4, रामलाल बेवा रामसखा हि. 1/10, रामानुज पिता जोखूलाल पटेल हि. 1/4 जाति कुर्मी पता इटहा कला नईगढ़ी रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 835 | 0.001 |
| 2 | मु. बेवा सुगनी पति छोटेलाल शिवशरण सियापति यज्ञसेन हीरालाल पिता छोटेलाल पटेल जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 1112/1 1112/2/1/1 | 0.001 |
| | इंद्रवसुआ बेवा रामावतार पटेल हि. 1/5. रामबहोर पिता रामावतार पटेल हि. 1/5. उग्रसेनपिता रामावतार पटेल हि. 1/5. राजबहादुर पिता रामावतार पटेल हि. 1/5. गुलाबकली बेवा रामकुमार पटेल हि. 1/15, लवलेश पिता रामकुमार पटेल हि. 1/15, ललित (नाबालिग) पिता रामकुमार पटेल हि. 1/15 नईगढ़ी मऊगंज मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1112/2/1/2 | |
| | विश्वनाथ पिता नर्वदा जाति कुर्मी पता रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1112/2/2 | |
| 3 | अखिलेश कुमार पटेल पिता दिलराज पटेल जाति कुर्मी पता इटहा कला रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1705/1 | 0.001 |
| | सुरेश कुमार पिता त्रिवेणी प्रसाद पटेल हि. 1/15 शांती पिता त्रिवेणी प्रसाद पटेल हि. 1/15, श्यामवती पत्नी त्रिवेणी प्रसाद पटेल हि. 1/15, राजेश कुमार पिता त्रिवेणी प्रसाद पटेल हि. 1/15, अंजनी प्रसाद पिता त्रिवेणी प्रसाद पटेल हि. 1/15, भैयालाल पिता निर्भय पटेल हि. 1/3, धिरजुआ बेवा रामसिया पटेल हि. 1/9, शिवदयाल पिता रामसिया पटेल हि. 1/9, सुखेन्द्र पिता रामसिया पटेल हि. 1/9 जाति कुर्मी पता इटहा कला रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | | |
| 4 | रामलल्लू सूर्यभान पिता अभयराज हि. 1/12, राजेन्द्र पिता भगवान्दीन हि. 1/60, रामशरण पिता साधू पटेल हि. 1/36, रामनरेश पिता भगवान्दीन हि. 1/60, छोटेलाल पिता बुद्धीलाल हि. 1/6, रामस्वरुप शिवशरण पिता साधू पटेल हि. 2/36, गुजरतिया बाई पिता छोटेलाल हि. 1/24, सुमित्री सुरेश कुमार पिता भगवानदीन हि. 1/30, रामसिया रामसेवक पिता अभयलाल पटेल हि. 1/9, कौशल पिता जीत हि. 1/12, लालबहादुर पिता अभाय्लाल पटेल हि. 1/18, रामलखन पिता छोटेलाल पटेल हि. 1/24, राकेश कुमार पिता भगवान्दीन पटेल हि. 1/60, गोमती प्रसाद पिता बुद्धी पटेल हि. 1/6, राजबहोर पिता रामअवतार पटेल हि. 1/12 जाति कुर्मी पता इटहा कला रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1811/1/1/1/1 | 0.001 |
| | खुसबू पटेल पत्नी रजनीश पटेल जाति कुर्मी पता इटहा कला रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1811/1/1/1/2 | |
| | श्रीकृष्ण लालबहादुर पिता गोमती वंशबहादुर पिता छोटेलाल अमर बहादुर पिता छोटेलाल नामा, वली पि. छोटेलाल पि. बुद्धी जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 1811/1/1/2 | |
| | राजबहोर पिता रामावतार जाति कुर्मी पता इटहा कला रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1811/1/2 | |
| | गोमती पिता बुद्धी हि. 1/2 छोटेलाल पिता बुद्धी हि. 1/2 जाति कुर्मी पता इटहां कला रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 1811/2 | |
| 5 | यज्ञभान पिता छोटेलाल पटेल पता सा. देह भूमिस्वामी | 2023/1 | 0.001 |
| | विश्वनाथ पिता बैजनाथ जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2023/2 | |
| | द्वारिका प्रसाद पिता रामसुन्दर जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2023/3 | |
| | मुन्नालाल पिता रामसिया जाति लोहार पता इटहा कला रीवा मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 2023/4 | |
| 6 | शिष्टधर पिता धनपति पटेल जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2141/1 | 0.001 |
| | मु. हिरौआ वगैरह वश. न. 1663 भूमिस्वामी | 2141/2 | |
| | जानकी पिता विश्वनाथ जाति कुर्मी पता नईगढ़ी मऊगंज भूमिस्वामी | 2141/3 | |
| 7 | श्रीमती रामकली पत्नी रामपाल जाति कुर्मी पता नईगढ़ी मऊगंज भूमिस्वामी | 2548/2274/1 | 0.001 |
| | मोतीलाल रतीभान पिता मंगल जाति कुर्मी पता नईगढ़ी मऊगंज भूमिस्वामी | 2548/2274/2 | |
| 8 | संतोष कुमार पिता सुदामा हि. 1/2, कमलेश कुमार पिता सुदामा हि. 1/2, जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2589/2352 | 0.001 |
| 9 | मूर्तीप्रसाद पिता रामऔतार जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2626/1/2376 | 0.001 |
| | मूर्तीप्रसाद पिता रामअवतार जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2626/2/2376 | |
| | राजमणि श्रीनिवास पिता तेजा जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2626/3/1/2376 | |
| | अनिल कुमार पिता राममणि जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2626/4/2376 | |
| | रामलखन पिता तेजा प्रसाद पटेल जाति कुर्मी पता सा. देह भूमिस्वामी | 2626/5/2376 | |
| | श्रीमती द्रोपदी पति अनिल कुमार श्रीमती गुलाबकली पति अशोक कुमार पता निवासी ग्राम भूमिस्वामी | 2626/6/2376 | |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है- **"नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण"** में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु।
2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर कार्यालय जिला मऊगंज (भू-अर्जन शाखा) में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
**(संजय कुमार जैन)**
**कलेक्टर**
**जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव**
**म.प्र. शासन राजस्व विभाग**

G-18082/26 — "पॉक्सो है सुरक्षा का है हथियार, बच्चो पर न करें अत्याचार"

---

## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.)

**क्रमांक/4548/ई-टेण्डरिंग/2025-26** — **सिंगरौली, दिनांक 03/09/2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | टेण्डर जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि | कार्य लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_532655_1 | 27-08-2026 | Providing and laying of Stone Dust Various Place Within Ward No 23 to 27 | 2 Months | 5,08,963 | 2,000 | 10,179 | 10/09/2026 |
| 2 | 2026_UAD_532670_1 | 27-08-2026 | LT and HT Laying electrification work at ward no.38 Dhoti IInd Call | 2 Months | 9,30,648 | 2,000 | 18,613 | 10/09/2026 |
| 3 | 2026_UAD_532694_1 | 27-08-2026 | Construction of RCC Drain near Masjid Ward No.13 | 2 Months | 28,55,221 | 5,000 | 50,000 | 28-09-2026 |
| 4 | 2026_UAD_533047_1 | 01-09-2026 | Conical Lighting installation at ward no.17 at various places | 2 Months | 6,65,337 | 2,000 | 13,307 | 16/09/2026 |
| 5 | 2026_UAD_533058_1 | 01-09-2026 | Decorative light at ward no. 26 dasauti in various street | 2 Months | 24,68,325 | 5,000 | 49,367 | 01/10/2026 |
| 6 | 2026_UAD_533087_1 | 01-09-2026 | Laying Conical Lighting system at various places in ward 43 | 2 Months | 2,41,371 | 2,000 | 4,827 | 16-09-2026 |
| 7 | 2026_UAD_533099_1 | 01-09-2026 | Laying Decorative lighting system from talkies chauraha via surdas chauraha to parshad niwas in ward 39 | 2 Months | 58,74,348 | 10,000 | 58,743 | 01/10/2026 |
| 8 | 2026_UAD_533105_1 | 01-09-2026 | Decorrative Light at ward no. 31 main road dhoti to harri pashchim mode tk | 2 Months | 35,59,769 | 5,000 | 50,000 | 01/10/2026 |
| 9 | 2026_UAD_533153_1 | 01-09-2026 | Construction and placing of precast at various places Ward no.39 | 2 Months | 16,55,250 | 2,000 | 33,105 | 01/10/2026 |
| 10 | 2026_UAD_533170_1 | 01-09-2026 | Construction of Tar road from NTPC canal to Anganwadi Juwadi at Ward no.36 | 2 Months | 33,35,850 | 5,000 | 50,000 | 01/10/2026 |
| 11 | 2026_UAD_533213_1 | 01-09-2026 | Construction of precast at ward no.38 | 2 Months | 9,79,975 | 2,000 | 19,600 | 16/09/2026 |
| 12 | 2026_UAD_533229_1 | 01-09-2026 | Construction of RCC drain near sitaram verma house at ward no.37 | 2 Months | 24,52,607 | 5,000 | 49,052 | 01/10/2026 |
| 13 | 2026_UAD_533236_1 | 01-09-2026 | Interlocking work at various places at ward 15 | 2 Months | 15,57,812 | 2,000 | 31,156 | 01/10/2026 |
| 14 | 2026_UAD_533358_1 | 02-09-2026 | Plantation of hedge and plants at ward no. 32 indra chowk to pankaj stationary | 2 Months | 3,45,720 | 2,000 | 6,914 | 03/10/2026 |
| 15 | 2026_UAD_533368_1 | 02-09-2026 | Construction of shed infront of PDS shop and infront of Durga Mandap at Ward No. 12 Simplex | 2 Months | 4,47,232 | 2,000 | 8,945 | 16/09/2026 |
| 16 | 2026_UAD_533387_1 | 02-09-2026 | Patch Repairing at Various Places of Ward No.32 to 37 | 2 Months | 843,475 | 2,000 | 16,870 | 16/09/2026 |
| 17 | 2026_UAD_533400_1 | 02-09-2026 | Construction of tar road from ambedkar chowk railwayline and nai basti approach road ward no.41 | 2 Months | 56,30,784 | 10,000 | 56,308 | 16/09/2026 |
| 18 | 2026_UAD_533404_1 | 02-09-2026 | Estimate for DTH Bore and HP Installation at ward no.14 | 1 Months | 7,53,972 | 2,000 | 15,079 | 16/09/2026 |
| 19 | 2026_UAD_533420_1 | 02-09-2026 | Construction of Shed at Ward No.22 | 2 Months | 3,93,391 | 2,000 | 7,868 | 16/09/2026 |
| 20 | 2026_UAD_533441_1 | 02-09-2026 | Construction of precast on drain at ward no.13 | 2 Months | 2,74,572 | 2,000 | 5,491 | 16/09/2026 |
| 21 | 2026_UAD_533451_1 | 02-09-2026 | Construction of RCC Slab Culvert at Ward No.15 | 2 Months | 8,78,796 | 2,000 | 17,576 | 16/09/2026 |
| 22 | 2026_UAD_533474_1 | 02-09-2026 | Supply Installation Testing and Commissioning of 150 Litre water purifier along with water cooler | 2 Months | 1,62,119 | 1,000 | 3,242 | 16/09/2026 |
| 23 | 2026_UAD_533500_1 | 02-09-2026 | Construction of RCC Drain near jio office and pathak ji house ward no. 40 | 2 Months | 32,73,355 | 5,000 | 50,000 | 03/10/2026 |
| 24 | 2026_UAD_533518_1 | 02-09-2026 | Supply and Fixing and fixing tank at near by Maszid in ward no.27 | 1 Months | 61,750 | 1,000 | 1,235 | 16/09/2026 |
| 25 | 2026_UAD_533529_1 | 02-09-2026 | Construction of culvert at ward no.24 | 2 Months | 8,74,610 | 2,000 | 17,492 | 16/09/2026 |
| 26 | 2026_UAD_533540_1 | 02-09-2026 | Estimate for CC work prathmik pathshala Dasauti at in ward no 26 | 1 Months | 10,58,365 | 2,000 | 21,167 | 03/10/2026 |
| 27 | 2026_UAD_533566_1 | 02-09-2026 | Estimate for GP Bore an HP intallation in various places at ward no 23 | 2 Months | 1,11,698 | 2,000 | 2,234 | 16/09/2026 |
| 28 | 2026_UAD_533579_1 | 02-09-2026 | Construction of RCC Drain from Lal Singh House to Saket Basti at Ward No.30 | 2 Months | 52,55,897 | 10,000 | 52,559 | 03/10/2026 |
| 29 | 2026_UAD_533887_1 | 03-09-2026 | Laying Decorative Lighting system from income tax office to santosh dubey and rajendra agrawal house to indu bhawan house ward no40 | 2 Months | 11,29,225 | 2,000 | 22,585 | 05/10/2027 |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र ने प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम**
**सिंगरौली**